WED,12 MARCH 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय में महिला दिवस मनाया

गुड़गांव, 11 मार्च (ब्यूरो): नारी तुम केवल श्रद्धा हो,विश्वास-रजत-नग-पगतल में। पीयूष-स्त्रोत सी बहा करो, जीवन के सुंदर समतल में। जयशंकर प्रसाद की यह पंक्तियाँ उस नारी शक्ति की ओर संकेत करती है जो समाज की आधारशिला है।

नारी शक्ति के अविस्मरणीय योगदान व महत्व को रेखांकित करते हुए उपक्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।ईएसआईसी कार्यालय गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 के उपलक्ष्य में कार्यालय प्रमुख सुनील यादव की अध्यक्षता में महिला कार्मिकों के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय प्रमुख



*कार्यालय में महिला दिवस मनाते।*

ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों व योगदान को याद करने का दिन है।

अब हमें महिलाओं के सम्मान व उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी कदम उठाने चाहिए। आज की नारी किस प्रकार न केवल अपने घर-परिवार को संभाल रही है बल्कि सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में भी देश की उन्नति में अपना अविस्मरणीय योगदान दे रही हैं।

कार्यालय की महिलाओं द्वारा पंचदीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ दिया गया।जिसके बाद महिलाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई इसके साथ ही कार्यालय की महिला कार्मिकों

## ■ महिला कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत, कविता और अन्य प्रदर्शन किए

ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व गीत, कविता आदि प्रस्तुति दी गई।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वीटी यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस- 2025 के मौके पर इस साल महिला दिवस की थीम 'कार्रवाई में तेजी रखी गई है अर्थात् महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने व जागरुकता पैदा करने को लेकर अब कार्य की गति तेज करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में उप निदेशक सचिन सिंह, दीपक शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, रविन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# हम महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा करें : यादव

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: ईएसआईसी कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कार्यालय प्रमुख सुनील यादव कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को याद करने का दिन है, बल्कि हमें महिलाओं के सम्मान और उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने बताया कि आज की नारी किस प्रकार न केवल अपने घर-परिवार को संभाल रही हैं, बल्कि सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में भी देश की उन्नति में अपना अविस्मरणीय योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर कार्यालय की महिला कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां यथा गीत, कविता आदि प्रस्तुत की। इसमें मोनिका ईएसआइसी ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति पर जोर देते कहा कि नारी कोई अबला नहीं है, बल्कि वह एक शक्ति है।

जनसंपर्क अधिकारी डा. स्वीटी यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस इस बार की थीम 'कार्रवाई में तेजी' रखी गई है। इस कार्यक्रम में उप निदेशक सचिन सिंह, दीपक शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, रविन्द्र कुमार और सीमा कपूर आदि लोग उपस्थित रहे।



ईएसआईसी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोग● सौ. विभाग

# ईएसआईसी में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



गुरुग्राम। ईएसआईसी कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय प्रमुख सुनील यादव ने समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर महिला कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मोनिका ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नारी कोई अबला नहीं है बल्कि वह एक शक्ति है। सीमा कपूर ने भी नारी शक्ति के योगदान की बात कही। ब्यूरो

← <Untitled>

# उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** ईएसआईसी कार्यालय गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय प्रमुख सुनील यादव ने महिला कार्मिकों के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय प्रमुख ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को याद करने का दिन है बल्कि हमें महिलाओं के सम्मान और उनके स्वाभिमान की रक्षा के लिए भी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि आज की नारी किस प्रकार न केवल अपने घर-परिवार को संभाल रही है बल्कि सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में भी देश की उन्नति में अपना अविस्मरणीय योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर कार्यालय की महिला कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ यथा गीत, कविता आदि प्रस्तुत की। मोनिका ईएसआईसी ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति पर जोर देते कहा कि नारी कोई अबला नहीं है बल्कि वह एक शक्ति है। सीमा कपूर ने भी नारी शक्ति के योगदान की बात कही। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वीटी यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के मौके पर इस साल महिला दिवस की थीम 'कार्रवाई में तेजी' रखी गई है अर्थात महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर अब कार्य की गति तेज करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में उप निदेशक सचिन सिंह, दीपक शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, रविन्द्र कुमार भी उपस्थित रहें।

Note OCR Share More